दैनिक

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्ष :-04
अंक:-313
मुरादाबाद
06 March 2025
(Thursday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## सीएम योगी बोले- सपा लोहिया के रास्ते से भटकी, औरंगजेब को बना रही आदर्श

### औरंगजेब को आदर्श मानने वाले विधायक को यूपी भेजिए, इलाज कर देंगे; अबू आजमी का नाम लिए बिना योगी का हमला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी को अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निकाल देना चाहिए। औरंगजेब को नायक मानने वालों को भारत में रहने का अधिकार नहीं। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले बयान ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी हलचल मचा दी है। बुधवार को विधान परिषद में



बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए जमकर फटकार लगाई। योगी ने सपा से अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करने और उसे उत्तर प्रदेश भेजने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता।

बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को महान प्रशासक बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। इस बयान के बाद यूपी विधान परिषद में मुख्यमंत्री ने सपा को आड़े हाथ लिया है। सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे- श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है। योगी ने औरंगजेब के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि उसने अपने पिता शाहजहां को आगरा के किले में कैद कर पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया था। उन्होंने सपा नेताओं को पटना की लाइब्रेरी में शाहजहां की जीवनी पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शाहजहां ने औरंगजेब को कहा था कि तुम से अच्छा तो हिन्दू है जो जीते जी तो अपने बुजुर्ग मां-बाप की सेवा करता है और मृत्युपरांत वर्ष में एक बार श्राद्ध करते हुए मां-बाप को जल अर्पित करता है। सीएम ने कहा कि जिन लोगों का आचरण औरंगजेब जैसा है वो उस पर गर्व कर सकते हैं। सपा औरंगजेब जैसे दुर्दांत और धर्मांध शासक का महिमामंडन करती है योगी ने सपा पर भारत की आस्था पर प्रहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि औरंगजेब ने जजिया कर लगाया, मंदिर तोड़े और भारत का इस्लामीकरण करने की कोशिश की। कोई सभ्य मुसलमान अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसे पता है कि वह उसे एक एक बूंद पानी के लिए तरसा देगा। उन्होंने सपा से सवाल किया कि वह महाकुंभ जैसे आयोजन की आलोचना करती है और दूसरी ओर औरंगजेब जैसे %दुर्दांत और धर्मांध% शासक का महिमामंडन करती है। मुख्यमंत्री ने सपा को चुनौती दी कि वह अपने विधायक (अबू आजमी) को पार्टी से निकाले और उसे यूपी भेजे, यहां उसका %उपचार% किया जाएगा। उन्होंने सदन में पूछा कि जो छत्रपति शिवाजी की परंपरा पर लज्जा महसूस करता हो और औरंगजेब को नायक मानता हो, क्या उसे भारत में रहने का अधिकार है? महाकुंभ ने बदली यूपी की अर्थव्यवस्था, सीएम योगी बोले- विरासत और विकास का संगम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में महाकुम्भ के आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के %विरासत को विकास से जोड़ने% के मंत्र की सराहना की और बताया कि काशी, अयोध्या और प्रयागराज जैसे तीर्थस्थलों ने इस बार रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं को आकर्षित किया, जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। सीएम योगी ने कहा कि 2019 से पहले काशी में श्रद्धालुओं की संख्या सीमित थी, लेकिन काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण के बाद काशी ने नया रूप लिया। 13 जनवरी से 27-28 फरवरी तक काशी पूरी तरह पैक रही। रोजाना 5 से 25 लाख श्रद्धालु पहुंचे, मां गंगा में स्नान किया और काशी के वैभव से अभिभूत हुए। उन्होंने काशीवासियों के आतिथ्य सत्कार और धैर्य को भी सराहा। अयोध्या में भी यही स्थिति रही, जहां प्रतिदिन 5 से 15 लाख श्रद्धालु पहुंचे। योगी ने कहा कि अयोध्या के नागरिकों और संतों ने अपनी सुविधाओं की परवाह न करते हुए श्रद्धालुओं का स्वागत किया। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान 28-29 जनवरी को 2 लाख वाहनों को आसपास के जनपदों में रोका गया, जहां स्थानीय लोगों ने भोजन और पानी की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री ने एक नाविक परिवार का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके पास 130 नौकाओं का बेड़ा था, जिससे उन्होंने 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 30 करोड़ रुपये की कमाई की। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ में हर तबके ने अच्छी आमदनी की। इससे यूपी की अर्थव्यवस्था में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का योगदान मिलेगा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के विजन का परिणाम बताते हुए कहा कि यूपी देश की आत्मा है और पूरी दुनिया ने महाकुंभ का महाचमत्कार को देखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद को संबोधित करते हुए सपा पर जमकर हमले किए और कहा कि हमारे के लिए महाकुंभ गर्व का विषय है जबकि सपा के लोग औरंगजेब को नायक मानते हैं। महाकुंभ के आयोजन को पूरी दुनिया याद रखेगी। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी के बजट सत्र में विधान परिषद को संबोधित करते हुए महाकुंभ के आयोजन का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह ऐसा आयोजन था जिसे लंबे समय तक दुनिया याद रखेगी। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां इससे सहमत नहीं थीं और महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार किया फिर भी लोगों की आस्था नहीं डिगी।उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आयोजन की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। जो लोग संघ की विचारधारा से नहीं जुड़े हैं वो भी महाकुंभ के आयोजन की प्रशंसा कर रहे हैं। 45 दिन तक चले आयोजन में कोई लूट की घटना नहीं हुई। कोई अपहरण की घटना नहीं हुई। यह सनातन के सामाजिक अनुशासन का प्रभाव है। जो कि कहता है कि पूरा देश एक है और यहां जातिवाद और क्षेत्रवाद की कोई जगह नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये उन लोगों को जवाब है जो कि जल के प्रदूषण और अन्य तमाम छोटी खबरों को लेकर आयोजन पर सवाल उठा रहे थे और दुष्प्रचार कर रहे थे। देश की जनता के लिए गंगा सबसे पवित्र है और विज्ञान कहता है कि बहता हुआ जल खुद को पवित्र करता रहता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि महाकुंभ में जैसी जिसकी दृष्टि थी वैसा ही उसने वहां देखा। सनातन के मानने वालों के लिए महाकुंभ एक गर्व का विषय है जो कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश देता है। महाकुंभ के आयोजन के दौरान काशी और अयोध्या में भी पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ गई। अभूतपूर्व धैर्य का परिचय दिया साथ ही उनका आतिथ्य सत्कार भी किया। एक नाविक परिवार ने 30 करोड़ रुपये की कमाई की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्था को आजीविका से जोड़ा है। यही कारण है कि प्रयागराज का एक नाविक परिवार जिसके पास 130 नावें थीं। उन्होंने पूरे आयोजन के दौरान 30 करोड़ रुपये की कमाई की। महाकुंभ का वृहद आर्थिक पक्ष है। हमारा अनुमान है कि इस आयोजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्मृति ईरानी ने एआई में लैंगिक पक्षपात दूर करने पर दिया जोर, कहा- आज तकनीकी समानता की जरूरत

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला सशक्तीकरण को लेकर इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स सम्मेलन में ईरानी ने एआई में शामिल प्रणालीगत पक्षपात के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण पर ध्यान देने के लिए डिजिटल समानता को प्राथमिकता देनी चाहिए।पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को लैंगिक समानता के लिए तकनीक की समानता पर जोर दिया। महिला सशक्तीकरण को लेकर इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स सम्मेलन में ईरानी ने एआई में शामिल प्रणालीगत पक्षपात के बारे में बात की। साथ ही इस असमानता को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की।उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को महिला सशक्तीकरण पर ध्यान देने के लिए डिजिटल समानता को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज एआई के इस दौर में पुरुषों का महिलाओं और महिलाओं का पुरुषों से मुकाबला नहीं है। बल्कि मानवता का मुकाबला है कि एआई हमारे साथ क्या करने वाला है? एक शोध में सामने आया है कि दुनिया के 133 एआई सिस्टम में से 44 फीसदी एआई लैंगिक समानता पर जोर नहीं देते हैं। उन्होंने एआई से जुड़ी वित्तीय प्रणाली में लैंगिक असमानता का एक उदाहरण भी दिया। स्मृति ईरानी ने कहा कि एक महिला जिसकी आय, टैक्स रिटर्न और वित्तीय स्थिति अपने पति के समान है उसको पति से 10 फीसदी कम क्रेडिट लिमिट का प्रस्ताव दिया जाता है।

## राहुल गांधी ने बताया कुलियों का दर्द, कहा- भगदड़ में जान बचाने वालों की आवाज नहीं सुनी जा रही



राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुलियों से हुई मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन उनकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। वे आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुलियों से हुई मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने कहा कि पिछले महीने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन उनकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। वे आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं। हम उनके अधिकारों के लिए लड़ेंगे। अपने यूट्यूब चैनल पर कुलियों से बातचीत का वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले मैं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा और वहां कुली भाइयों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि कैसे सभी ने मिलकर भगदड़ वाले दिन लोगों की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। राहुल गांधी ने कहा कि चाहे लोगों को भीड़ से निकालने की बात हो या घायलों को एंबुलेंस और प्रशासन तक पहुंचाना हो। मृतकों के शवों को बाहर निकालने के लिए शारीरिक क्षमता, ठेले का उपयोग करना हो या अपनी जेब से पैसा खर्च करना हो, उन्होंने हर तरह से यात्रियों की मदद की। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि मैं दिहाड़ी मजदूरी करने आने वाले इन भाइयों की संवेदना देखकर प्रभावित हूं। वे वित्तीय कठिनाइयों में जी रहे हैं, लेकिन उनमें जोश और सद्भावना की कमी नहीं है। उन्हें मदद की जरूरत है। उन्होंने अपनी मांगें बताई हैं। मैं निश्चित रूप से उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस नेता ने एक कुली के हवाले से कहा कि किसी-किसी दिन खाने के भी पैसे नहीं होते। हर घर पर पैसे भेजें या खाना खाएं। हमारे कुली भाई ऐसी ही कठिनाइयों में जीने को मजबूर हैं। मैं उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा और हम अधिकारों के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे। राहुल गांधी ने रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के दौरान लोगों की जान बचाने और राहत कार्य में मदद करने के लिए कुलियों का धन्यवाद किया। वीडियो में कुली गांधी से कह रहे हैं कि उनकी मांग है कि उन्हें ग्रुप डी की नौकरी मिले।

## भतीजे आकाश के बाद भाई आनंद कुमार पर कार्रवाई, मायावती ने राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटाया

बसपा सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद के पिता आनंद कुमार को नेशनल कोआर्डिनेटर के पद से हटा दिया है। हालांकि, वह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने रहेंगे।बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकालने के बाद अब उनके पिता आनंद कुमार को भी नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटा दिया है। उनकी जगह रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है।मायावती ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है।मायावती ने लिखा कि ऐसे में आनंद कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे। अब उनकी जगह यूपी के जिला सहारनपुर के रहने वाले रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर की नई जिम्मेदारी दी गई है। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिखा कि इस प्रकार, अब रामजी गौतम, राज्यसभा सांसद रणधीर बेनीवाल ये दोनों बीएसपी नेशनल कोआर्डिनेटर (राष्ट्रीय समन्वयक) के रूप में सीधे तौर पर मेरे दिशा-निर्देशन में देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे। सोमवार को पार्टी से आकाश को निकाला- मायावती ने सोमवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। इसके पहले रविवार को उन्होंने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाया था। आकाश ने सोमवार को मायावती के फैसले पर प्रतिक्रिया दी थी। इससे नाराज होकर मायावती ने उन्हें बसपा से निष्कासित करने का फैसला लिया था। ससुर के प्रभाव वाली स्वार्थी व अहंकारी बयानबाजी- मायावती ने कहा था कि आकाश को पार्टी के हित में ज्यादा बसपा से निकाले गए अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में रहने के कारण सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर किया गया। उन्हें इसका पश्चाताप कर परिपक्वता दिखानी थी। प्रतिक्रिया उनके ससुर के प्रभाव वाली स्वार्थी व अहंकारी बयानबाजी है।



## औरंगजेब पर घमासान: निलंबन से सच की जुबान पर...., महाराष्ट्र में अबू आजमी पर कार्रवाई को लेकर भड़के अखिलेश

महाराष्ट्र के सपा विधायक को पार्टी से निकालने की मांग पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर बयान दिया है। उन्होंने सीएम योगी के बयान को नकारात्मक सोच का बचपना करार दिया है। महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी के औरंगजेब पर दिए गए बयान से यूपी में सियासी तूफान आ गया है। बुधवार को विधान परिषद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



सपा को जमकर घेरा और अबू आजमी को पार्टी से निकालने की मांग की और साथ ही चेतावनी दी कि ऐसे विधायक को यूपी भेजा जाए यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता है। इस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होने लगेगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। हमारे विधायक हों या सांसद उनकी बेखौफ दानिशमंदी बेमिसाल है। कुछ लोग अगर सोचते हैं कि 'निलंबन' से सच की जुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है। आजाद ख्याल कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को महान प्रशासक बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। इस बयान के बाद यूपी विधान परिषद में मुख्यमंत्री ने सपा को आड़े हाथ लिया है। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। उन्होंने कहा कि डॉ. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे- श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है। योगी ने औरंगजेब के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि उसने अपने पिता शाहजहां को आगरा किले में कैद कर पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया था। उन्होंने सपा नेताओं को पटना की लाइब्रेरी में शाहजहां की जीवनी पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शाहजहां ने औरंगजेब को कहा था कि तुम से अच्छा तो हिन्दू है जो जीते जी तो अपने बुजुर्ग मां-बाप की सेवा करता है और मृत्युपरांत वर्ष में एक बार श्राद्ध करते हुए मां-बाप को जल अर्पित करता है। सीएम ने कहा कि जिन लोगों का आचरण औरंगजेब जैसा है वो उसपर गर्व कर सकते हैं।

## संपादकीय Editorial

# Why did they commit this barbaric sin?

Prayagraj Maha Kumbh became a symbol of social harmony, communal harmony, unity, integrity and diversity. More than 66.30 crore devotees from India and abroad took a holy dip in the confluence of Ganga, Yamuna and Saraswati. All differences like caste, class and race were drowned in the confluence.

There was no clash between the forward and backward or the rich and the poor and there was no tension. The one and a half month long human, cultural and global gathering created world records and wrote the history of a special kind of 'referendum'. There is not a single spiritual or religious gathering in the world which is even one-fourth of the size of Maha Kumbh. We have to tell this because the very next day of the completion of Maha Kumbh, a disgusting, disgusting, barbaric and cruel attempt came to light in the city of Prayagraj, which tried to make the grand coordination, ideal brotherhood and beautiful co-existence of Maha Kumbh ugly and communal. Thanks to the administration, which did not let the tension spread and immediately registered a case and started taking action. Actually, we have not been in favor of making such incidents and crimes headlines, so we have been ignoring them. Since the demonic intention behind this cruel act is to tarnish the image of Maha Kumbh, so we are analyzing it.

In Prayagraj city, pieces of cows were found scattered in front of or around many Hindu houses. The severed heads, feet and other parts of cows and calves were thrown outside the houses of those who consider the cow as 'mother' and worship it with the same feeling. How was this massacre done suddenly? Was it someone's conspiracy? Did someone want to spread tension in Prayagraj by inciting communal animosity? Such communal tensions, ultimately, turn into riots and humanity is massacred. This is the culmination of hatred and demonic sentiments. Prayagraj has the status of 'Tirtharaj city'. There is about 85 percent Hindu and 11 percent Muslim population here.

The Muslim population which is at some distance is the majority in that area. Now it should be left to the investigation that who killed the cow, cut it into pieces and committed this barbaric sin? We believe that no Hindu can be a butcher of this stature. Anyway, such incidents have started happening more often these days. It is the incident of 12th February, when in a metropolis like Bangalore, the udders of 3 cows were cut off. They are speechless animals. Why were the cows treated so cruelly? How much pain and suffering those cows must have gone through! Even animals are not so brutal. This act can also be done only by those people who hate Sanatan and cow to the extreme. The surprising thing is that those faces who have been fighting for the welfare and rights of animals also remained silent on such an inhuman act, because if you express concern for the cow, you will be termed as 'communal'. In Prayagraj, the calves' body parts were chopped off and thrown into a nearby drain. Not only this, they were thrown in a mutilated state at many places in that area. Why was this sin committed in Prayagraj? This question is not ordinary.

# India's international stature is increasing, various policies of Modi government have given a new direction to the country

Thus, the Digital India Mission and the promotion of AI-Machine Learning Research by the Government of India indicate that in future India will become a global supplier as well as a consumer of technology. In the last decade, India has made its impressive presence felt not only in the economic and technical fields but also in diplomacy and global politics. Under the strong leadership of Prime Minister Narendra Modi, India is not only creating new definitions of development, but is also making its presence felt as a power on the global stage. The decisive policies, progressive approach and work style of the Modi government that puts national interest first have led India towards progress, which is not going to stop before achieving the goal of developed India. BJP's historic victory in the recently concluded Delhi Assembly elections, welfare Union Budget, tax relief for the middle class, India's impressive participation in the AI ??conference held in France, Modi's US visit and India's increasing importance in the European Union (EU)'s view prove the increase in the country's dominance. Today, in the situation of unrest and war in many parts of the world, India has always appeared in favor of peace. Prime Minister Modi's vision is that the future of the world will be based on the principles of peace and tolerance, only then all countries will be able to work together for the welfare, security and prosperity of the people. This is the reason why the heads of state of many countries are looking towards India with hope. The Modi government has given birth to a new political culture in the Center and NDA ruled states, whose basic mantra is good governance, transparency, accountability and poor welfare. It has given priority to public participation through campaigns like Vikasit Bharat, Digital India and Atmanirbhar Bharat. BJP's success in the Delhi elections is proof that the public no longer wants to depend only on free schemes, but is giving priority to solid development and issues like national security, modern infrastructure along with credible leadership and performance of politics. In the 2024 Lok Sabha elections, BJP got fewer seats than in the previous two elections, the reason behind which was the confusion spread by the opposition regarding the Constitution and reservation. Soon after the elections, the public understood that the negative politics of the opposition was an obstacle in the development of the country and the mandate of the people of Haryana, Maharashtra and now Delhi is indicating that the public is now voting for its bright future with utmost awareness. Today India is not only a consumer but is also making a leading contribution in the technological revolution. India's participation in the recent AI conference held in France made it clear that India is emerging as a decisive power in the field of artificial intelligence. In this conference, an agreement was reached between India and France to take the AI-based defense and cyber security partnership to new heights. After that, Prime Minister Modi's visit to America was not just a bilateral meeting but was also a big step towards expanding India's diplomatic power. In that visit, major American companies announced an investment of $ 50 billion in India. Important agreements were signed to further strengthen the India-US partnership in the defense sector. This clearly shows that India-US relations are no longer limited to just trade but have taken the form of a strategic alliance. This alliance is also important to balance the growing influence of China in the Indo-Pacific region. During Prime Minister Modi's visit to the US, the launch of the US-India Trust Initiative was also announced. It will inspire cooperation between the two countries to promote the use of key technologies in areas such as defense, artificial intelligence, semiconductors, biotechnology, energy and space. Under this, a commitment has been expressed to speed up AI infrastructure by the end of the year. India is also working on a plan to invest Rs 44 thousand crore in the technology sector alone in the next two years, which will not only provide employment to the youth but will also see India leading the world in the field of AI. Thus, the promotion of Digital India Mission and AI-Machine Learning Research by the Government of India indicates that in future India will become a global supplier as well as a consumer of technology. In the last decade, India has made its impressive presence felt not only in the economic and technical fields but also in diplomacy and global politics. Whether it is the target of net zero carbon emissions by 2070 to tackle climate change in COP-26 or exports of more than $800 billion in the financial year 2023-24, it is clear that the Indian economy is becoming stronger in global trade. Steps have been taken towards self-reliance in the defense sector, due to which it is now joining the arms exporting countries of the world. It is clear that the economic policies of the Modi government, progress in the field of technology, diplomatic skills and commitment to national security have given a new direction to India. In the coming years, India will not only remain an emerging power, but will also strengthen its position as an established global power.

# Ukraine helpless in front of America, what is the conclusion from the meeting of Trump and Zelensky?

Trump Zelensky Meeting While European leaders do not trust Putin, Trump is not only changing his attitude towards Putin but is also engaged in formulating his policy towards Russia afresh. Russia is also calling the US foreign policy practical and in line with its interests. Naturally, this will increase Europe's concern. The meeting between US President Donald Trump and Ukrainian President Volodymyr Zelensky was one of the most talked about meetings of recent times. The whole world saw this bitter debate between the heads of state in front of TV cameras. Discussion and analysis on its different aspects is going on. People are evaluating this meeting on various parameters ranging from diplomacy to hospitality and hosting and general courtesy. It also worked to change geopolitics and global equations suddenly. While Zelensky, who came to Washington with the assurance of signing a mining agreement with the US and continued help in return, returned humiliated and empty-handed, European countries had to hastily call their meeting and come forward in support of Ukraine. The meeting between Trump and Zelensky has increased the uncertainties about the Ukraine war as well as the possibility of factionalism in the world. It is clear that whatever happened between Trump-Vance and Zelensky in the Oval Office cannot be called politeness on diplomatic parameters. It is true that all countries advocate their own interests, but there is a limit to it. It cannot be justified even from the point of view of hospitality in the Indian tradition. Trump and Vance may have found Zelensky's attitude a bit stubborn, but they could have been more restrained in their reaction. If such a situation of tension arises, then there may be a feeling of distrust behind it. It is not hidden from anyone that ever since Trump became President, his attitude towards Russia has been very soft. Recently, the meeting of American representatives with Russian officials in Saudi Arabia was also held in a very cordial atmosphere, in which both sides showed mutual respect for each other. Not only this, recently in the United Nations, America even voted in support of Russia, while countries considered to be allies of Russia like India and China thought it appropriate to remain absent in that matter. Trump had also made ending the Ukraine war a major issue in his election campaign and since assuming power, he has been engaged in such efforts. It is natural that Zelensky, understanding his impatience, must be feeling pressure and if the matter between the two sides worsened instead of getting resolved, then it was the result of the distrust that arose in the recent times. This development also indicates that Trump does not want to have very close and intimate relations with Ukraine. His intention also appears that he wants to put pressure on Ukraine and impose his decisions on it in exchange for help. The pressure on Ukraine to move from mining to ceasefire as soon as possible can be seen from this perspective. Since it is difficult for Ukraine to resist Russia without American help, Trump will hope that Zelensky will sooner or later break down under his pressure. Trump's attitude has increased the pressure on Zelensky and Europe. This is the reason why the leaders of European countries had to hastily call a meeting in London to show solidarity towards Ukraine. Big promises and claims were made in this meeting that European countries are committed to the security of Ukraine, but it is also true that European countries have neither sufficient capabilities nor resources to support Kiev. In such a situation, American help will be inevitable. European leaders also understand this very well. Before Zelensky's visit to Washington, the British Prime Minister and the French President had visited America. There are strong chances that during that time both the leaders would have made every effort to persuade Trump for support on the issue of Ukraine. Even French President Macron had tried to present the facts related to that matter while interrupting Trump's comment on Ukraine. The importance of American help can be understood from the fact that the NATO Secretary General also suggested to Zelensky that he should not anger America and make every possible effort for cooperation. Trump wants to end the Ukraine war as soon as possible and his impatience can be understood from the fact that he was not very serious about Zelensky's objections during the meeting. When things got worse, he unilaterally declared that he (Zelensky) is not in a mood for peace right now and whenever he wants to talk about peace, our doors are open for him. Right now it seems that Trump will not hesitate to leave Ukraine on its own. This will increase the confusion in front of Europe. Its heat is also being felt. European Commission chief Ursula von der Leyen reiterated that all measures will be taken to help Ukraine and Europe is ready to take more responsibility for this. Britain has also announced a help of 2.6 billion pounds. However, such help will take time to reach the ground. This will not provide Ukraine with the immediate help it needs right now, because Russia is continuously tightening its grip. Trump's attitude has given it more strength. The growing differences between Europe and America have also boosted Putin's morale. While European leaders do not trust Putin, Trump is not only changing his attitude towards Putin, but is also busy formulating his policy towards Russia. Russia is also calling the American foreign policy pragmatic and saying that it is in line with its interests. Naturally, this will increase Europe's concern. This changing scenario will only increase the uncertainties regarding the end of the Ukraine war.

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गन्ना मूल्य भुगतान एवं बसंतकालीन गन्ना बुवाई, कृषकों को वितरित किये जा रहे गन्ना बीज की गयी समीक्षा।

मुरादाबाद- जनपद-मुरादाबाद की चीनी मिलों द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में कृषकों को किया गया रू0 570.80 करोड. का भुगतान। चीनी बिलारी, बेलवाड़ा एवं अगवानपुर को अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान की कार्ययोजना तैयार कर त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान किये जाने के दिये गये निर्देश। गन्ना बुवाई हेतु आवंटित लक्ष्य की शतप्रतिशत पूर्ति की जाये सुनिश्चित। किसी भी दशा में गन्ना कृषकों को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बीज वितरित न कराया जाये। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद- मुरादाबाद की चीनी मिलों के यूनिट हेड/ अध्यासियों एवं वित्त प्रमुख की बैठक आहूत करते हुए पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान, बसंतकालीन गन्ना बुवाई तथा बुवाई हेतु कृषको को वितरित किये जा रहे गन्ना बीज की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कम गन्ना मूल्य भुगतान करने वाली चीनी मिलों को कार्ययोजना तैयार कर त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा चीनी मिलों को निर्देशित किया गया कि वह गन्ना विकास विभाग द्वारा गन्ना बुवाई हेतु आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत बुवाई कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि चीनी मिलों को आगामी पेराई सत्र में क्षमता के अनुरूप पेराई हेतु गन्ना प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी दशा में कृषकों को निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर गन्ना बीज वितरित न हो, जिसके निमित्त कृषकों को चीनी मिलों के माध्यम से गन्ना बीज क्रय किये जाने हेतु प्रेरित किया जाये। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद द्वारा बताया गया कि पेराई सत्र 2024-25 में जनपद की चीनी मिलों द्वारा 14 दिवस पूर्व की गन्ना खरीद के देय गन्ना मूल्य अंकन रू0 738.76 करोड़ के विरूद्ध चीनी मिलों द्वारा अंकन रू. 570.80 करोड़ का भुगतान कृषकों को कर दिया गया है, जो देय गन्ना मूल्य का 77.26 प्रतिशत है। वर्तमान में चीनी मिल बिलारी एवं बेलवाड़ा द्वारा पेराई सत्र का समापन कर दिया गया है तथा चीनी मिल बिलारी द्वारा 50.95 प्रतिशत, बेलवाड़ा द्वारा 74.79 प्रतिशत तथा चीनी मिल अगवानपुर द्वारा 73.68 प्रतिशत भुगतान कृषकों को किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा वर्तमान पेराई सत्र में चीनी उत्पादन में आयी कमी, चीनी परता तथा चीनी मिलों द्वारा उत्पादित किये जा रहे एथनॉल आदि विषयों पर चर्चा करते हुए दिये गये निर्देशों का अनुपालन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में चीनी मिल अगवानपुर, बिलारी, बेलवाड़ा एवं रानीनांगल के अध्यासी/प्रतिनिधि तथा वित्त प्रमुख उपस्थित रहे।




# समस्त आबकारी दुकानों को व्यवस्थापन ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से पंचायत भवन में सम्पन्न होगा

मुरादाबाद- जिला आबकारी अधिकारी श्री महेन्द्रपाल ने बताया कि जनपद मुरादाबाद में वर्ष 2025-26 हेतु समस्त आबकारी दुकानों को व्यवस्थापन ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से दिनांक 06 मार्च 2025 को अपरान्ह् 4:00 बजे से सायं 5:45 बजे के मध्य पंचायत भवन में सम्पन्न होगा। आवेदकों को फोटोयुक्त पंजीकरण स्लिप/पैन कार्ड/फोटो आई0डी0 कार्ड के आधार पर ही पंचायत भवन परिसर के अन्दर अपरान्ह् 3 बजे के बाद गेट नं0 2 से प्रवेश कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश दिनांक 04.03.2025 में दिऐ गये निर्देशानुसार यदि कोई आवेदक ई-लॉटरी स्थल पर स्वयं उपस्थित नहीं हो सकता है तो उसके स्थान पर उसके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि रह सकता है। इस हेतु आवेदक को निर्धारित प्रारुप में प्राधिकार पत्र संबंधित जिला आबकारी अधिकारी से दिनांक 06.03.2025 को ई-लॉटरी प्रारम्भ होने से 02 घंटे पूर्व तक जारी करा सकता है। प्राधिकार पत्र निर्गत हेतु दो प्रतियों में प्राधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसकी एक प्रति जिला आबकारी अधिकारी, कार्यालय में अनुरक्षित की जाएगी और दूसरी प्रति अधिकृत प्रतिनिधि को दी जाएगी, जिसके द्वारा पोर्टल जनरेटेड आवेदन पत्र की प्रति तथा अधिकृत प्रतिनिधि के पहचान पत्र की प्रति के साथ लाटरी स्थल पर प्रवेश की अनुमति दी जा सकेगी। पंचायत भवन परिसर के अन्दर आवेदकों के लिए वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नही होगी और पंचायत भवन के अन्दर आवेदक को अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र लेकर आना पूर्णतया: प्रतिबन्धित रहेगा। किसी भी आवेदक को उपरोक्तानुसार अपनी पहचान सत्यापित कराऐ बिना पंचायत भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन प्रत्येक माह की 01, 09, 16 व 24 तारीख को समस्त ब्लाकों में चिन्हित निम्न चिकित्सा इकाईयों पर आयोजित किया जायेगा। यदि इन तिथियों में सार्वजनिक अवकाश होता है तो अग्रिम दिवस में आयोजन किया जायेगा। पीएमएसएमए दिवस पर जनपद की गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जाचें कुशल चिकित्सकों के द्वारा की जाएगी।जांचोपरांत यदि यह पाया जाता है कि गर्भवती महिला उच्च जोखिम गर्भवती महिला है, तो उसकी जांच पीपीपी योजना के अन्तर्गत चिन्हित अल्ट्रासाउंड सेन्टर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से नि:शुल्क अल्ट्रासाउंड कराऐ जाने का प्रावधान है, जिस हेतु चिन्हित अल्ट्रासांउड सेन्टरों को चिन्हित गर्भवती महिला के अल्ट्रासाउंड उपरान्त रु0 425/- प्रति अल्ट्रासाउंड की दर से डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि श्री सांई अल्ट्रासांउड सेन्टर कांठ, कांठ डायग्नोस्टिक सेन्टर कांठ, नेरोमैड अल्ट्रासाउंड बिलारी, जीवन ज्योति यूजीसी ठाकुरद्वारा, जेके अल्ट्रासाउंड सेन्टर बिलारी, बाला जी यूजीसी डिलारी, धन्या यूएसजी सेन्टर मुरादाबाद, शर्मा अल्ट्रासाउंड सेन्टर आशियां मुरादाबाद, जनता अल्ट्रासाउंड सेन्टर मुरादाबाद, दिव्य डायग्नोस्टिक सेन्टर कुन्दरकी, अल्फा डायग्नोस्टिक सेन्टर कुन्दरकी, भारत अल्ट्रासाउंड भोजपुर, कलरव अल्ट्रासाउंड सेन्टर मुरादाबाद, शशिप्रभा यूजीसी सिविल मुरादाबाद, टीएमयू मुरादाबाद तथा जनता डायग्नोस्टिक सेन्टर कांठ पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेन्टर है।

# मेरे साथ बहुत अन्याय हुआ... पत्नी ने उत्पीड़न किया; सुसाइड नोट में ये बातें लिखकर संभल के युवक ने दी जान

मुरादाबाद- संभल में एक युवक ने पत्नी से प्रताड़ित होकर खुदकुशी कर ली। सुसाइड नोट लिखकर पत्नी और ससुरालवालों पर आरोप लगाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मेरे साथ बहुत अन्याय हुआ है...मैं अपनी पत्नी के उत्पीड़न की वजह से जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे रहा हूं। यह बातें सुसाइड नोट में लिखकर ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव मौसमपुर निवासी गौरव कुमार ( 30 ) ने जहर खा लिया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां सोमवार को उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गौरव के पिता कृष्णपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि बेटे गौरव की शादी एक वर्ष पहले प्रिया निवासी अलीनगर थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद के साथ हुई थी। गौरव सड़क हादसे में घायल हो गया था। इसके बाद पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी। आरोप है कि वह बेटे से रुपये की मांग करती थी। नहीं देने पर मुकदमा में फंसाने की धमकी देती थी। कई बार समझाने के बाद भी प्रिया अपनी ससुराल को वापस नहीं आई, इसी बात को लेकर गौरव की अपनी पत्नी प्रिया और उसके परिजनों से अनबन चल रही थी। रात में गौरव ने खाया जहर- इसे लेकर गौरव मानसिक रूप से तनाव में रहने लगा। पत्नी और उसके परिजन मेरे बेटे को मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उसका आर्थिक शोषण कर रहे थे। रविवार की रात को जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान गौरव की मौत- जहर खाने का पता लगते ही परिजन उपचार के लिए अमरोहा के निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। गौरव तीन भाइयों में सबसे छोटा था और परिवार में सभी का लाडला था। जान देने से पहले गौरव ने लिखा सुसाइड नोट- गौरव ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी प्रिया और उसके परिजनों को ठहराया है। गौरव ने सुसाइड नोट में अपने साथ हुए उत्पीड़न को साफ साफ बयां किया है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी प्रिया, सास नीलम, साला आकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# यूपी में दो माह तक गैंगरेप: किशोरी के हाथ पर लिखे ओम को तेजाब से जलाया, जबरन मांस खिलाया; क्रूरता की हदें पार

मुरादाबाद- मुरादाबाद से सनसनीखेज खबर सामने आई है। किशोरी के साथ दो माह तक बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित को तरह-तरह से यातनाएं भी दीं। पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया है।मुरादाबाद के भगतपुर थाना इलाके की एक किशोरी को दूसरे समुदाय के युवक कार से अगवा कर ले गए। उसे दो माह तक एक कमरे में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पीड़िता के हाथ पर लिखे ओम को तेजाब से जला दिया और उसे जबरन मांस भी खिलाया। पुलिस ने पीड़िता के चाची की तहरीर पर केस दर्ज कर मुख्य आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया है। अनुसूचित जाति की महिला ने तीन मार्च को भगतपुर थाने में क्षेत्र के दौलपुरी बमनिया निवासी सलमान, जुबैर, राशिद और आरिफ के खिलाफ अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। जिसमें महिला ने बताया कि उसकी जेठानी की 14 वर्षीय बेटी दो जनवरी 2025 को कपड़े सिलवाने के लिए टेलर के पास बाजार जा रही थी। रास्ते में कार सवार आरोपी मिल गए और उन्होंने पीड़िता को जबरन कार में खींच लिया और उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसे एक कमरे में बंधक बना लिया। यहां आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपियों ने उसके हाथ पर लिखे ओम को भी तेजाब से जला दिया। इस दौरान पीड़िता को जबरन मांस भी खिलाया गया। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसको तरह-तरह की यातनाएं दीं। किसी तरह पीड़िता आरोपियों के चंगुल से निकलकर घर पहुंची तो उसने परिजन और चाची को आपबीती सुनाई। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने धमकी दी कि अगर वह किसी को इस घटना के बारे में बताएगी तो उसकी और उसके परिवार की हत्या कर दी जाएगी। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि पीड़िता की चाची की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में एक आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। मंगलवार शाम पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। घर जाने की बात सुनकर पीड़िताओं को यातनाएं देते थे आरोपी - पीड़िता किशोरी ने अपने परिवार और पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसे किसी कमरे में बंधक बनाकर रखा था। जब वह अपने घर जाने की बात कहती थी तो आरोपी उसके साथ मारपीट करते थे। उसे तरह-तरह की घटनाएं देते थे। आरोपी धमकी देते कि अगर अपने घर जाने की बात करेगी तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। ट्रेन में एक यात्री से मोबाइल मांगा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट- पीड़िता ने आपबीती सुनाते हुए कहा कि आरोपी उसे एक दिन ट्रेन में बैठाकर किसी दूसरी जगह लेकर जा रहे थे। ट्रेन में मौका पाकर उसने एक यात्री से मोबाइल लेकर परिवार से बात करने की कोशिश की तो आरोपियों ने पीड़िता को पीटा और मोबाइल देने वाले युवक के साथ भी मारपीट की थी। इसके बाद भोजपुर क्षेत्र में ले जाकर उसे एक कमरे में बंद कर दिया था। यहां से पीड़िता मौका पाकर निकल गई और अपने घर पहुंचकर परिवार को घटना की जानकारी दी। पीड़ित परिवार को मिल रही धमकियां, पुलिस आरोपियों की तलाश में दे रही दबिश- पीड़ित परिवार और गांव के लोगों ने पुलिस के उच्च अधिकारियों से इस मामले में बाकी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़िता की चाची का कहना है कि आरोपी पक्ष के लोग उन पर समझौते के लिए दबाव बना रहे हैं। उन्हें धमकियां मिल रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

# दिनदहाड़े जनसुविधा केंद्र में लूट, संचालक को किया घायल

मुरादाबाद- मुरादाबाद के डिलारी थाना क्षेत्र में स्थित सौदासपुर गांव के बाहर बाइकर्स गैंग ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने जनसुविधा केंद्र के संचालक से एक लाख रुपये नकद, एक लैपटॉप और दो मोबाइल फोन लूट लिए। विरोध करने पर लुटेरों ने संचालक के सिर पर तमंचे की बट मारकर उसे घायल कर दिया और फरार हो गए।कैसे हुई वारदात? सौदासपुर गांव में कमलकांत नामक युवक प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक से संबद्ध मिनी बैंक ( जनसुविधा केंद्र ) चलाता है, जहां ग्रामीणों को छोटे अमाउंट के बैंकिंग कार्य की सुविधा मिलती है। मंगलवार को दोपहर में बाइक सवार तीन लुटेरे वहां पहुंचे और गोली मारने की धमकी देकर एक लाख रुपये, लैपटॉप और दो मोबाइल लूट लिए। जब कमलकांत ने विरोध किया तो लुटेरों ने उसे तमंचे की बट से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस जांच में जुटी- घटना की सूचना मिलते ही एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल कमलकांत को अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस ने लुटेरों की तलाश में विशेष टीमें गठित कर चेकिंग और छापेमारी शुरू कर दी है। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा किया जाएगा।



# कानपुर में सड़क हादसे में पीतल नगरी डिपो के RM ऑफिस के बाबू गजेन्द्र शांडिल्य की मौत; जालौन का रहने वाले दोस्त थे...

मुरादाबाद- जनपद कानपुर के बिल्हौर में बांगरमऊ तिराहे पर



तड़के बड़ा हादसा हो गया। जिसमें चालक को झपकी आने से मुरादाबाद से कानपुर जा रही रोडवेज बस डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में मुरादाबाद डिपो में बाबू पद पर तैनात जालौन निवासी 28 वर्षीय गजेंद्र कुमार की मौत हो गई। जबकि बरेली के मनौना धाम के 38 वर्षीय रिंकू और मुरादाबाद के संदलीपुर गांव के 39 वर्षीय योगेश कुमार घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायल को तुरंत अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद गजेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल रिंकू और योगेश कुमार को बेहतर इलाज के लिए कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया।पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया। परिजनों के पहुंचने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। गजेंद्र की मौत से मुरादाबाद रोडवेज कर्मचारियों ने शोक लहर दौड़ गई है। मृतक जिला जालौन के देव गांव का रहने वाला था।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत, अस्पताल सीज

क्यूँ न लिखूँ सच -सुमित गुप्ता

पीलीभीत तहसील क्षेत्र अमरिया के जीवनदीप अस्पताल को गर्भवती? महिला के मौत के मामले मे आज सीज कर दिया गया।आपको बता दें कि 1 मार्च 2025 को जहानाबाद कस्बे के रहने वाले राजू कश्यप ने अपनी पत्नी सुमन को प्रसव पीड़ा के उपरांत अमरिया के जीवनदीप अस्पताल में भर्ती कराया था,और ऑपरेशन से एक बच्चे को जन्म दिया था। 2 दिन बाद महिला की तबीयत अचानक से बिगड़ने लगी परंतु जीवनदीप अस्पताल के झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही के चलते महिला की मृत्यु हो गई। मृतिका सुमन अपने पीछे दो दिन का नवजात बच्चा एवं एक पुत्री अपने पति के सहारे छोड़ गई है। राजू कश्यप ने अपनी पत्नी के मौत के पीछे जीवनदीप अस्पताल के डॉक्टर एवं संचालकों एवं गलत इलाज को जिम्मेदार माना। मृतिक के पति की शिकायत पर आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अमरिया स्थित जीवनदीप अस्पताल पर कार्यवाही करते हुए सीज कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध क्लीनको एवं अस्पतालों को सीज कर देने से समस्या हल नहीं होगी। बल्कि इनके संचालकों पर भी सख्त कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए।अगर स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया तो इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा। तहसील क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरो अवैध अस्पतालों और फर्जी पैथोलॉजी लबों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की जरूरत है




# किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिये बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - एसएसपी अनुराग आर्य के नेतृत्व में पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर आगामी त्यौहारों होली एवं रमजान जैसे त्योहारों को लेकर जिले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिये बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। जिसमें जिले के समस्त पुलिस अधीक्षकगण, क्षेत्राधिकारीगण के साथ-साथ जनपद के समस्त थाना प्रभारियों, थाने के उपनिरीक्षकों ,मुख्य आरक्षियों रिजर्व पुलिस लाइन के कर्मियों व अग्निशमन ,पुलिस टीम को दंगा निरोधक, बलवा निरोधक, उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों अश्रु गैस के गोले आदि पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके सिखाये गये, तथा अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के साथ साथ विभिन्न टीमें बनाकर दंगा नियंत्रण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी को अवगत कराया इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारिख, एसपी दक्षिणी आंशिक वर्मा, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र , एसपी ट्रैफिक अकमल खान, क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय समेत समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक हरमीत सिंह अग्निशमन पुलिस व थानों के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।।



# खादी ग्रामोद्योग उत्पाद जागरूकता हेतु एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - जन सामान्य को आत्मनिर्भर एवं स्वालम्बन बनाने के उद्देश्य से खादी ग्रामोद्योग उत्पाद जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत काष्ठ कला परिसर निकट विकास भवन आज एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता शिविर में उपस्थित हुये आई.टी.आई. के विभिन्न ट्रेडों के छात्र छात्राओं एवं बेरोजगार नवयुवक ब नवयुवतियों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रशिक्षण से संबंधित योजनाएं व उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला उद्योग से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन करने से सम्बन्धित आवश्यक प्रपत्रों सहित समस्त जानकारी प्रदान की गयी। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक आयुक्त ( उद्योग ) अर्चना पालीवाल द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। सहायक अग्रणी बैंक प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा साक्षी द्वारा सरकारी योजनाओं के ऋण सुविधा एवं वित्तीय प्रबन्धन पर जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय स्टाफ, सहायक आयुक्त उद्योग अर्चना पालीवाल, कार्यदेशक आई.टी.आई. भूपेन्द्र शर्मा सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।




# विश्व महिला दिवस पर गायत्री परिवार नारी सशक्तिकरण का भव्य आयोजन करेगा

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - अखिल विश्व गायत्री परिवार आठ मार्च विश्व महिला दिवस पर नारी सशक्तिकरण पर एकदिवसीय आयोजन क्लब सेवन पर आयोजित किया जाएगा। जिसमे हजारों महिलाएं बालिकाएं विचारों को सुनेंगी। यह जानकारी महानगर समन्वयक डॉ दीप माला ने उपजा प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया किमनुष्य संसार की सर्वश्रेष्ठ रचना है आज मनुष्य सुख सुविधाओ से परिपूर्ण है किंतु प्रत्येक मनुष्य मानसिक तनाव , उन्माद , अवसाद अविश्वास से ग्रसित है । जिसको कैसे दूर किया जाए इस पर ब्याख्यान होगा। उन्होंने बताया आज के दौर के बच्चो संस्कारों की कमी है। जिन्हें गर्भावस्था में संस्कार दिए जा सकते है। व्याख्यान में इस पर प्रकाश डाला जाएगा। इस अवसर पर जिला समन्वयक दिनेश पांडे, महानगर समन्वयक डॉक्टर दीप माला शर्मा, बलवीर सिंह, कमल गंगवार, डॉक्टर शालिनी सक्सेना, शिवेंद्र भदोरिया, राजेश गंगवार, सरस्वती गंगवार, आशुतोष तिवारी आदि मौजूद रहे।




# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला कार्यालय मुरादाबाद पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

जिला अध्यक्ष मंत्री प्रतिनिधि रवि भैया द्वारा बताया गया कि आने वाले दिनों में जनपद मुरादाबाद की सुभासपा टीम द्वारा 2 विशाल कार्यक्रमो का आयोजन रखा गया है। जिसको विस्तृत रूप से बताते हुए मासिक बैठक में उपस्थित रहे सम्मानित पदाधिकारी और कार्यकर्ता द्वारा आने वाली 23 मार्च और 6 अप्रैल के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योजनाएं बनाई गई। अग्रिम तिथि में पत्रकार-बंधुओ के माध्यम से और सुभासपा व्हाट्सएप ग्रुप मुरादाबाद के माध्यम से अवगत करा दिया जाएगा। मासिक बैठक का संचालन संगठन मंत्री अमित चौधरी मुरादाबाद द्वारा किया गया और उन्होंने बताया कि 23 मार्च को शहीद ए आज़म अमर भगत सिंह को याद करते हुए एक विशाल यात्रा का दिल्ली रोड मुरादाबाद में कार्यक्रम करना सुनिश्चित हुआ है और इस अवसर पर भारी संख्या में जन सैलाब मौजूद होगा, इस दौरान पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भारी संख्या में निम्नवत रूप से रही, जिला अध्यक्ष रवि चौधरी, नगर अध्यक्ष दानिश कुरेशी, संगठन मंत्री अमित चौधरी, राजकुमार जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद मुशीर, मोहम्मद फहद, मोहम्मद सलीम, अशोक सैनी, गोविंद निहाल, शाहरुख चौधरी, मनोज कुमार जाटव, सतीश ढल, राहुल ठाकुर, मोहन राधे, शमी बजाज , आर्यन, आशु, हर्ष, जसपाल वाल्मीकि जी, विनेश राही जी, करण, अमन, दीपमाला जी, नाजिम, आकाश शर्मा, वसीम और भारी संख्या में अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# स्कूल इंचार्ज प्रमोद कुमार पर मुकदमा दर्ज होने के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई शिक्षक नेताओं के दबाव में आकर बीएसए ने नहीं की कोई कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली -बरेली। उच्चतर प्राथमिक विद्यालय क्यारा में कार्यरत शिक्षिका सीमा शर्मा के मुताबिक, वह प्रार्थना के बाद बच्चों के आग्रह करने पर बच्चों को व्यायाम सिखा रही थीं। इंचार्ज अध्यापक प्रमोद कुमार ने उन्हें व्यायाम सिखाने से मना किया और शिक्षका के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा और झगड़ने लगा। फिर वह शिक्षका का वीडियो बनाने लगा जब सीमा शर्मा ने इसका विरोध किया तो अरोप है कि समस्त स्टाफ़ व बच्चों के सामने उत्तेजित होकर उन्होंने सीमा शर्मा का हाथ पकड़कर मरोड़ दिया डॉक्टरी रिपोर्ट के मुताबिक उंगली फैक्चर हो गई जिसमें डेढ़ महीना बीतने के बाद भी बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा आरोपी शिक्षक प्रमोद कुमार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई प्रमोद कुमार पर थाना कैंट में मुकदमा दर्ज है धारा 117 धारा 131 धारा 352 के तहत मुकदमा दर्ज है बेसिक विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई और कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर दी गई पहले जांच कमेटी बनाई तो पूरी जांच सीमा मैडम के पक्ष में चली गई वहीं कुछ शिक्षक नेता सामने आए और बीएसए ने इन शिक्षक नेताओं के दबाव में आकर बिना पूर्व जाँच अधिकारी की रिपोर्ट देखे एक फिर नई जांच कमेटी गठन कर दी उस जांच कमेटी ने प्रभाव में या प्रलोभन में आकर जांच गोलमोल कर दी क्योंकि बीएसए पर शिक्षक नेताओं का प्रेशर था ।वहीं शिक्षक नेताओं के कई संगठन ऐसे हैं जो बिना रजिस्ट्रेशन के संगठन बने हुए हैं और बेसिक के अधिकारियों पर दबाव बनाकर सही जांच को गलत नाम दे देते हैं जो नेताओं के संपर्क में जा उनकी पार्टी में कोई टीचर होगा तो उनके पक्ष में जांच चली जाती है वहीं महिला संगठनों की बात करें तो महिला संगठन दुवारा शिक्षका का साथ दिया । शिक्षक नेता के नाम पर टीचर चला रहे हैं अपने स्कूल । सहायक अध्यापक सीमा मैडम कि नहीं सुन रहा कोई अधिकारी। इंचार्ज प्रमोद कुमार पर नहीं हुई कोई कार्रवाई आपने कहानी सुनी होगी जिसकी लाठी उसी की भैंस पहले भी कई महिला व दिव्यांग शिक्षकों को कर चुका है प्रमोद कुमार परेशान। थाना कैंट में पहले भी प्रमोद कुमार मांग चुका है लिखित माफी । प्रमोद कुमार व अन्य कुछ नेताओं द्वारा जिला अस्पताल में प्रलोभन देकर मेडिकल जांच रिपोर्ट बदलवाने की भी कोशिश की गई है। प्रमोद कुमार पहले भी कर चुका है टीचरों को परेशान महिला टीचरों की नहीं हो रही कोई सुनवाई ।।




# अब बीयर और शराब एक ही दुकान पर बिकेगी, ई-लॉटरी से होगा दुकानों का आवंटन

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली - अब एक ही दुकान से ठंडी बीयर और विदेशी शराब की बिक्री होगी। इसके लिए आबकारी नीति में बदलाव कर दिया गया है। यह बदलाव एक अप्रैल से लागू हो जाएगा। उससे पहले छह मार्च को बरेली में 160 कंपोजिट दुकानों का आवंटन ई-लाटरी के माध्यम से होगा। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि शराब के शौकीनों की सुविधा और बिक्री की लागत को कम करने के लिए नई आबकारी नीति में कंपोजिट दुकानों की व्यवस्था की गई है। अब बीयर और विदेशी शराब की सभी दुकानों को कंपोजिट लाइसेंस दिया जाएगा। ऐसे 160 कंपोजिट लाइसेंस पूरे जनपद में आवंटित किए जाएंगे। यहां होनी है ई-लॉटरी डीएम रविंद्र कुमार के निर्देश पर 2025-2026 वित्तीय वर्ष के लिए यह ई-लॉटरी सुबह 10 बजे से संजय कम्युनिटी हॉल रामपुर गार्डन में होनी है। सभी आवेदकों को पंजीकरण स्लिप के साथ सुबह नौ बजे तक पहुंचने के लिए कहा गया है। ई-लॉटरी प्रमुख सचिव सहकारिता और बरेली के नोडल अधिकारी सौरभ बाबू की निगरानी में कराई जानी है।

## 07 मार्च को होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद में 07 मार्च, 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 8:30 बजे से लगभग 150 जोड़ों के सामूहिक विवाह हेतु एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन दातागंज रोड स्थित एच0पी0 इंस्टीट्यूट के ग्राउण्ड में किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन में विधानसभा बदायूँ, शेखूपुर, बिसौली एवं सहसवान सहित 04 विधानसभाओं, विकास खण्ड सालारपुर, बजीरगंज, बिसौली, आसफपुर, इस्लामनगर, दहगवां, सहसवान, कादरचौक एवं जगत तथा नगर निकाय बदायूँ, इस्लामनगर, बिसौली, बजीरगंज, सैदपुर, फैजगंज बेहटा, मुडिया धुरेकी, कुंवरगांव, ककराला, सखानूं, गुलड़िया, सहसवान एवं दहगवां के जोड़े सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि वर वधू को आशीर्वाद देने हेतु जनपद के माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवस्थाओं को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियो उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं।


प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991


## संक्षिप्त समाचार

# राजश्री कालेज में टाइम ग्रुप के मध्य एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।राजश्री इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी ने कैंपस रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाइम ग्रुप के साथ एक एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किए। एम0ओ0यू0 का उद्देश्य कैरियर निर्माण में प्रयासरत छात्र-छात्राओं के लिए निजी एवं सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ व्यावसायिक क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने के लिए प्रशिक्षण देना है। संस्थान के प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने बताया कि देश की बदलती हुई अर्थव्यवस्था में अपार संभावनाओं को देखते हुए छात्रों को ट्रेनिंग के लिए यह एम0ओ0यू0 साइन किए गए हैं। बीटेक के छात्रों में क्वान्टेटिव एप्टीट्यूड, लॉजिकल रीजनिंग एवं डाटा इंटरप्रिटेशन जैसे शीर्षकों को वर्तमान शैक्षणिक सत्र में शामिल करने का प्रस्ताव है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो0 अनिल कुमार, रजिस्ट्रार दुष्यंत माहेश्वरी, टाइम ग्रुप के निदेशक वरुण पांडे, प्लेसमेंट हेड अंकुर भटनागर, ऋषि सयाल, दीपाली सिंह, चन्द्रशेखर आदि मौजूद रहे।



# एसडीओ की पहल पर लगातार बिजली बिल जमा करने वालों की लग रहीं कतारें

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। सरकार की सख्ती के चलते बिजली विभाग लगातार उपभोक्ताओं पर बिजली का शेष बिल जमा करवाने के लिए लगातार बिजली कनेक्शन काटने, मुकदमा दर्ज करवाने की कार्रवाई कर रहा है। वहीं एसडीएम अरूण कुमार एवं जेई अजय कुमार उपभोक्ताओं को सरकार की लाभकारी योजनाओं को बताकर बिजली का बिल जमा करवाने को प्रेरित कर रहे हैं।उनकी पहल के चलते बुधवार को रिठौरा बिजली घर पर साढ़े तीन लाख रूपये बकाया बिजली का बिल जमा हो गया।इस दौरान संजय सागर, रामचंद्र, वरिष्ठ लिपिक सौरभ सक्सेना,राशिद हुसैन जैदी,योगेश यादव, शेखर यादव , हरीश, मुन्ना लाल,गौरव सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।



# गोपी रुदायन में ग्रह क्लेश के चलते युवक ने लगाई फांसी ससुरालियों ने काटा हंगामा

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद - कोतवाली के गांव रुदायन में ग्रह क्लेश के चलते एक युवक ने घर के कमरे में फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर प्रेम शंकर पुत्र तेज सिंह निवासी गांव रुदायन गोपी अपने तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। किसी बात को लेकर पत्नी पुष्पा देवी से अनवन हो गई थी। जिसके चलते उसने बुधवार की सुबह अपने घर के कमरे में फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्रेमशंकर की लगभग एक वर्ष पूर्व जनपद एटा के थाना निधौली कलां के गांव गोदी नगला की पुष्पा देवी के साथ शादी हुई थी। पुष्पा पर अभी कोई संतान नहीं है। गांव में चर्चा है कि दोनों में किसी बात को लेकर अनवन चल रही थी। जिसके चलते बुधवार की सुबह 20 वर्षीय प्रेमशंकर ने कमरे में फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। इसी बीच दो वाहनों में भरकर उसके सुसरालीजन थाने आगए और बेटी के ससुरालियों पर अभ्रदता व बेटी से न मिलने देने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस ने उन्हें किसी तरह शांत किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेजा है।




दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# अयोध्या में अवैध चिकन और मटन शॉप पर चला प्रशासन का हंटर, दो दुकानें सील, फरार हुए मांस विक्रेता

अयोध्या में अवैध चिकन और मटन की शॉप पर प्रशासन ने हंटर चलाया और गंदगी को सड़क पर फेंके जाने को लेकर चेतावनी दी।अयोध्या शहर में अवैध रूप से चल रहीं चिकन और मटन शॉप पर बुधवार को जिला प्रशासन ने अपना हंटर चलाया। जिला प्रशासन को शिकायत मिल रही थी कि शहर में कुछ ऐसे लोग हैं जो बिना लाइसेंस के चिकन और मटन शॉप चला रहे हैं। यही नहीं मांस को काटकर उसकी गंदगी सड़क पर फैला रहे हैंएसडीएम



सदर विकास धर दुबे और सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर के फतेहगंज क्षेत्र में छापा मारा। इस दौरान अवैध रूप से चल रही मटन और चिकन की दो दुकानों को सील कर दिया जबकि तीन दुकानदार दुकान बंद करके फरार हो गए।एसडीएम सदर विकास धर दुबे ने सभी को हिदायत दी कि जिनको भी चिकन और मटन शॉप चलानी है, वह खाद्य विभाग से लाइसेंस जरूर लें, तभी दुकान खोलें। फरार हुए दुकानदारों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। वहीं, गंदगी फैलाने को लेकर नगर निगम के कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह यदि गंदगी देखें तो मांस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

# कोई तड़पता रहा, किसी को बिन मांगे सब मिल गया... मरने से पहले FB पर डाली पोस्ट; दो दिन पहले तय हुई थी शादी

थाना प्रभारी बृजकिशोर सिंह का कहना है कि परिजनों ने घटना कि जानकारी नहीं दी, जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची तब तक परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दियायमुना तलहटी के विद्यालय में पंखे के कुंडे से लटक कर विद्यालय प्रबंधक के भाई ने जान दे दी। वह सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। दो दिन पहले ही उसकी शादी के लिए रिश्ता तय हुआ था। परिजन ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही अंतिम संस्कार कर दिया।थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव गदलपुरा निवासी अजय कुमार ( 24 ) सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। दो दिन पूर्व ही आगरा क्षेत्र के एक गांव की लड़की से उसका रिश्ता तय हुआ था। मंगलवार रात वह घर के नीचे स्थित भाई के विद्यालय पहुंचा। विद्यालय के कमरे में पंखे के कुंडे से लटक कर उसने जान दे दी। घटना की जानकारी परिजन को बुधवार सुबह विद्यालय खोलने पर हुई। अजय के फंदे पर लटका देख परिवार में शोक की लहर छा गई।परिजन युवक की हत्या के कारण के संबंध में कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। वहीं पुलिस ने बताया कि युवक का एक अन्य गांव की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजन ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी थी। इससे वह परेशान था। सीओ विनीत कुमार का कहना है कि परिजन ने मामले की सूचना नहीं दी। जानकारी पर पुलिस पहुंची तब तक परिजन ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के भाई महेंद्र सिंह ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने की लिखित सूचना दी है। कोई तहरीर आती है तो कार्रवाई की जाएगी। फेसबुक पर डाली दुख भरी पोस्ट - स्कूल में फंदा लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक अजय कुमार ने जिस तरह से पिछले कुछ दिनों में फेसबुक पर पोस्ट डालीं हैं, उससे साफ जाहिर है कि वह अवसाद में था। फेसबुक पर डाली पोस्ट में लिखा था %%कोई तड़पता रहा, किसी को बिन मांगे सब मिल गया...। वहीं दोस्त के साथ फोटो सहित पोस्ट में लिखा था कि तेरी दोस्ती की कीमत मैं चुका नहीं सकता, तू ही बता कौन सा कर्ज उतारूं मैं यार का। एक दिन पहले डाली अंतिम पोस्ट में उसने लिखा है कि डोंट बिलीव इट, लोग क्या कहेंगे, बिकॉज जिंदगी मेरी है, लोगों की नहीं...।परिजनों ने घटना की जानकारी नहीं दी थाना प्रभारी बृजकिशोर सिंह का कहना है कि परिजनों ने घटना कि जानकारी नहीं दी, जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची तब तक परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के भाई महेंद्र सिंह ने किसी भी प्रकार कि कोई कार्रवाई न करने की लिखित सूचना दी है। कोई तहरीर आती है, तो कार्रवाई की जाएगी।



# लखीमपुर खीरी में युवक की निर्मम हत्या... पत्नी को भगाने के शक में दोस्त ने कुल्हाड़ी से काटा

लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। गांव भैंठिया में बुधवार को दिनदहाड़े एक युवक की हत्या कर दी गई। पड़ोसी दोस्त ने पहले उसे शराब पिलाई, फिर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर मार डाला। लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ कोतवाली के गांव भैंठिया में एक युवक ने बुधवार को अपने दोस्त की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं मौके से आरोपी को आला कत्ल के साथ



गिरफ्तार कर लिया गया। एएसपी नैपाल सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से जानकारी की।गांव भैंठिया निवासी जाहिद ( 30 वर्ष ) हरियाणा में मेहनत मजदूरी करता था। वह पांच दिन पहले ही गांव आया था। बुधवार को सुबह करीब नौ बजे पड़ोसी अशोक कुमार ने कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दी। मृतक के पिता रोज अली ने बताया कि जाहिद की अशोक कुमार से दोस्ती थी। अशोक सुबह करीब नौ बजे उनके घर पर आया। जाहिद को शराब पिलाई। इसी दौरान किसी बात पर अशोक कुमार ने जाहिद के सिर पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चीख सुनकर परिजन बचाने के लिए आए तो आरोपी ने उन्हें भी जान से मारने की कोशिश की। रोज अली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।आमने-सामने है आरोपी और मृतक का घर ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार भैंठिया गांव में मृतक जाहिद अली और आरोपी अशोक कुमार का आमने-सामने घर हैं। दोनों का रोज का उठना बैठना था। दिनदहाड़े हुई हत्या की वारदात से गांव में दहशत है। मामला दो समुदाय से जुड़ा है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात कर दी गई है।पत्नी को भगाने में जाहिद पर शक करता था आरोपी गांव में चर्चा है कि आरोपी अशोक कुमार की पत्नी पिछले कुछ महीने पहले किसी के साथ चली गई है। जिस युवक के साथ उसकी पत्नी गई है, वह युवक मृतक के किसी रिश्तेदार के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि अशोक कुमार को पत्नी को भगाने में जाहिद पर शक था। इसलिए वह उससे रंजिश रखता था। माना जा रहा है कि इसी रंजिश में उसने उसकी जान ले ली। पांच दिन पहले ही हरियाणा से आया था जाहिद  जाहिद अली की भी अपनी पत्नी से नहीं बनती है। वह अपने मायके में काफी समय से रह रही है। मृतक के 10 वर्षीय बेटा है, वह भी अपनी मां के साथ रहता है। मृतक मजदूरी पेशा था। बताया जा रहा है कि वह पांच दिन पहले ही हरियाणा से आया था। एएसपी नैपाल सिंह ने बताया कि एक युवक ने गांव के ही युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। आरोपी को मय आलाकत्ल गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

# नहर किनारे मिला महिला का शव

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती के मल्हीपुर थाना क्षेत्र में गजोबारी के पास एक अज्ञात महिला का शव मिला है। नहर की भूमि पर मिला शव खून से लथपथ था। पुलिस के अनुसार शव करीब 2 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। हालांकि शव किसका है आखिर यहा महिला का शव कहां से आया यह अभी जांच का विषय है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। जबकि थाना मल्हीपुर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई, वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा कि कुछ लोग किसी काम से गजोबरी के पास नहर की तरफ गए हुए थे, तभी उन्होंने एक महिला का शव देखा इसके बाद यह सूचना आसपास के गांव के लोगों के साथ पुलिस के पास पहुंची।वही मौके पर पहुंची मल्हीपुर पुलिस ने आसपास के लोगों से अज्ञात शव की सिनाख्त कराई लेकिन सफलता नहीं मिली, वहीं पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम हॉउस भेज दिया है। अभी तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। जबकि पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।



## संक्षिप्त समाचार

# सार्वजनिक रास्ते से हटाया गया अतिक्रमण

क्यूँ न लिखूँ सच -वीरेंद्र कुमार वर्मा

श्रावस्ती। विकास क्षेत्र इकौना के चिचड़ी ग्राम पंचायत के मिस्त्री पुरवा गांव में रास्ते की जमीन पर किये गये अवैध कब्जे को न्यायालय के आदेश पर राजस्व टीम ने जेसीबी से हटवा दिया। प्रशासन की कार्रवाई से गांव में हड़कंप मच गया। नायब तहसीलदार कृष्ण गोपाल ने बताया कि मिस्त्री पुरवा चिचड़ी में जगत राम विश्वकर्मा ने रास्ते की जमीन पर चारदीवारी बना लिया था। न्यायालय के आदेश पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की मदद से रास्ता खाली कराया। जगतराम ने प्रशासनिक कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए कहा कि उन्होंने अपने नंबर की जमीन पर चारदीवारी बनायी है। बिना पूर्व सूचना या नोटिस तामील कराये मेरी अपनी जमीन पर बनी चारदीवारी ध्वस्त कर दी गई।

# दिल्ली में नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लाएगी BJP सरकार, व्यापार-रोजगार को बढ़ाने पर रहेगा जोर

भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपने संकल्प पत्र में युवाओं को 50 हजार सरकारी नौकरियां दिलाने और 20 लाख स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का वादा किया था। नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी में युवाओं के द्वारा स्वरोजगार करने पर उन्हें विशेष आर्थिक और तकनीकी मदद देकर उन्हें एक सफल उद्यमी के रूप में विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।भाजपा के नेतृत्व में बनी नई दिल्ली सरकार राजधानी में नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लाने पर विचार कर रही है। इसमें दिल्ली में नए उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों-निवेशकों को विशेष राहत प्रदान की जा सकती है। पहले से चल रहे उद्योगों को सस्ती बिजली और सस्ता श्रम उपलब्ध कराने के उपाय करने के साथ-साथ दिल्ली की सभी 56 इंडस्ट्रियल एरिया को हर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाकर उद्यमियों को व्यापार हेतु अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य दिल्ली में रोजगार के अवसर बढ़ाना है। भ्रष्टाचार पर सरकार करेगी प्रहार- नए उद्योग स्थापित करने में उद्योगपतियों को अलग-अलग विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्रों सहित कई अलग-अलग विभागों से लाइसेंस लेने की आवश्यकता पड़ती है। नई रेखा गुप्ता सरकार उद्योगपतियों को किसी उद्योग से संबंधित सभी दस्तावेज एक ही विंडो पर उपलब्ध कराने के ढांचे पर विचार कर रही है। इससे उद्योगपतियों को समय से कामकाज शुरू करने में सुविधा मिलेगी और भ्रष्टाचार में कमी आएगी। भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपने संकल्प पत्र में युवाओं को 50 हजार सरकारी नौकरियां दिलाने और 20 लाख स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का वादा किया था। नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी में युवाओं के द्वारा स्वरोजगार करने पर उन्हें विशेष आर्थिक और तकनीकी मदद देकर उन्हें एक सफल उद्यमी के रूप में विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। इसके माध्यम से भाजपा युवाओं से किया गया अपना सबसे बड़ा वादा निभाने का फॉर्मूला तैयार कर रही है। क्या है सरकार की योजना?- दिल्ली सरकार के सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े औद्योगिक सेंटर के रूप में तब्दील करने की योजना बनाई जा रही है। इसमें दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेले और एग्जिबिशन शो आयोजित कर बड़ी कंपनियों को दिल्ली में निवेश के लिए आमंत्रित किये जाने की योजना बनाई जा रही है। कंपनियों को दिल्ली और आसपास के राज्यों के स्थानीय उत्पादों को इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। इससे दिल्ली के स्थानीय युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उद्योगपतियों के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिलेगा। सरकार का मानना है कि इससे दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शंघाई, न्यूयॉर्क और पेरिस की तर्ज पर विशेष बाजारों के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। व्यापारियों से लिए जा रहे सुझाव- नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लेने के लिए सरकार दिल्ली के उद्योगपतियों-व्यापारियों से सलाह लेगी। इसी माह के अंत में पेश किए जाने वाले बजट में भी व्यापारियों की सलाह को केंद्र में रखकर नए प्रस्ताव पेश किए जा सकते हैं। व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली में विशेष योजनाओं को भी लागू किया जा सकता है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने पेश किया किया 15198 करोड़ रुपये का बजट, कोई नया कर नहीं

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 15,198.76 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें किसानों और छोटे उद्यमियों के लिए %बाना कैह% योजना का वित्तीय आवंटन 75त्न बढ़ाने की घोषणा की गई है। बजट में नया कर लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 15,198.76 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें किसानों एवं छोटे उद्यमियों के लिए संचालित 'बाना कैह' योजना का वित्तीय आवंटन 75 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने राज्य विधानसभा में अगले वित्त वर्ष का बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार लाभार्थियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करने के लिए अप्रैल से एक योजना लेकर आएगी। बजट में नया कर लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं रखा गया है। यह बजट 15,198.76 करोड़ रुपये का है, जो पिछले वर्ष के 14,412.12 करोड़ रुपये से 5.4 प्रतिशत अधिक है।वित्त मंत्रालय का भी प्रभार रखने वाले लालदुहोमा ने चालू वित्त वर्ष ( 2024-25 ) के लिए 3,512.33 करोड़ रुपये के अनुदान की अनुपूरक मांगें भी पेश कीं। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि राज्य सरकार के प्रमुख कार्यक्रम 'बाना कैह' योजना के लिए बजट में 350 करोड़ रुपये आवंटित किए जा रहे हैं, जो चालू वित्त वर्ष में निर्धारित 200 करोड़ रुपये से 75 प्रतिशत अधिक है।पिछले साल सितंबर में शुरू की गई बाना कैह योजना का उद्देश्य उद्यमियों और किसानों की आर्थिक वृद्धि और आत्मनिर्भरता के लिए तैयार कार्यक्रमों के जरिए वित्तीय सहायता और समर्थन देना है। इस योजना में राज्य सरकार ने प्रमुख फसलों- अदरक, हल्दी, मिजो मिर्च और झाड़ू के लिए समर्थन मूल्य पेश किए। लालदुहोमा ने कहा कि उनकी सरकार अगले वित्त वर्ष में किसानों से चार कृषि फसलों की खरीद जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अप्रैल से एक योजना शुरू करेगी जिसमें लाभार्थियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जाएगा। लालदुहोमा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व प्राप्ति और पूंजीगत प्राप्ति के तहत अनुमानित कुल राशि 15,198.76 करोड़ रुपए है। इसके साथ राजस्व व्यय 12,540.20 रुपए रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने मिजोरम की विकास यात्रा को %विकसित भारत% पहल के साथ जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि पेंशन लाभ समय पर वितरित किए जाएं, बिजली खरीद के बकाए का निपटान किया जाए, और मिजोरम स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य बिलों का 80 प्रतिशत निपटान किया जाए। क्षेत्रवार बजट आवंटन सामान्य सेवाएं= 14.95त्न की वृद्धि  आर्थिक सेवाएं= 7.27त्न की वृद्धि पूंजीगत व्यय= 8.29त्न की वृद्धि सामाजिक सेवाएं= 4.4त्न की गिरावट मुख्य घोषणाएं और व्यय योजनाएं - कराधान आधुनिकीकरण= कर संग्रह बढ़ाने के लिए कराधान विभाग को अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति द्वारा सुदृढ़ किया जाएगा। - खाद्य सब्सिडी का अनुकूलन= खर्चों को सुव्यवस्थित करने के लिए राशन चावल की खरीद में ?20 करोड़ की कमी की जाएगी। - रेशम उद्योग को बढ़ावा= रेशम की कीमतों में प्रति किलोग्राम 16त्न की वृद्धि की जाएगी। - स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार= मिजोरम राज्य स्वास्थ्य योजना ( एमएसएमएस ) के लिए ?20 करोड़ से बढ़ाकर ?50 करोड़ की राशि आवंटित की जाएगी, ताकि अस्पतालों के बिलों का समय पर भुगतान और सुविधाओं का उन्नयन सुनिश्चित किया जा सके। 2025-26 के लिए मुख्य आवंटन- - 350 करोड़ रुपये को हैंड-होल्डिंग योजनाओं के लिए आवंटित किया गया है, जो पिछले वर्ष के 200 करोड़ से 75त्न अधिक है। - 500 करोड़ रुपये बिजली खरीद के लिए, पिछले वर्ष की तुलना में ?50 करोड़ की वृद्धि, साथ ही 20 करोड़ रुपये बिजली ढांचे के विकास के लिए। - 100 करोड़ रुपये सड़क निर्माण और सुधार के लिए आवंटित किए गए हैं। - 55 करोड़ रुपए सड़क निधि बोर्ड के लिए, साथ ही सड़क रखरखाव सेस से ?15 करोड़ अतिरिक्त। - 5 करोड़ रुपए अंतिम संस्कार खर्च के लिए निर्धारित किए गए हैं। - विधायक निधि अपरिवर्तित रखी गई है। यह बजट मिजोरम सरकार की वित्तीय विवेकशीलता, अवसंरचनात्मक विकास और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की प्रतिबद्धता को उजागर करता है, साथ ही ऋण कम करने और राजस्व संग्रह पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

# जनपद में शामली महोत्सव हो रहा पहली बार महोत्सव पूरे जनपद का जिसको दिव्य और भव्य बनाने में सभी की सहभागिता हो सुनिश्चित -डीएम अरविन्द कुमार चौहान

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली जिलाधिकारी शामली श्री अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज शामली महोत्सव-2025 की तैयारियों को बैठक आयोजित की गई।आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने शामली महोत्सव को ओर अधिक दिव्य और भव्य बनाया जा सके उसको लेकर बैठक में उपस्थित व्यापार बन्धु/उद्योग बन्धु एवं मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारीयों के साथ वार्ता करते हुए उनके सुझाव लिये गये।



बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों ने सर्वप्रथम जिला प्रशासन को जनपद शामली में पहली बार होने वाले शामली महोत्सव की बधाई दी और कहा कि संपूर्ण जनपद में शामली महोत्सव का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार हो ताकि सभी को पता लग सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शामली महोत्सव पूरे जनपद का है यह एक जगह तक सीमित न रहकर जितनी भी जनपद की सीमा है उसमें शामली महोत्सव का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार ताकि लोगों को महोत्सव की जानकारी हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापार बन्धुओं से कहा कि जब तक शामली महोत्सव रहे उससे पूर्व ही अपनी दुकानों पर साफ- सफाई के साथ-साथ फूलों से सजावट और शाम में लाइटिंग की व्यवस्था करें। साथ ही उन्होंने उद्योग बन्धुओं से भी शामली महोत्सव को लेकर अपनी- अपनी इंडस्ट्री पर फुलो की सजावट और लाइटिंग की व्यवस्था हेतु कहा गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय पर्वों की भांति साफ-सफाई फूलों की सजावट और लाइटिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए। डीएम ने शामली महोत्सव को लेकर सभी नगरीय क्षेत्रों में साफ सफाई हेतु अधिशासी अधिकारियों व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ- सफाई हेतु डीपीआरओ को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि किसी कारणवश कोई महोत्सव में नहीं आ पाता है तो वह फेसबुक/यूट्यूब के माध्यम से भी कार्यक्रम का लाइव घर से भी देख सकते हैं जिसका लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शामली महोत्सव में स्कूली बच्चों, स्थानीय कलाकारों के साथ-2 बॉलीवुड कलाकारों की धूम रहेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से जानकारी दी कहा कि मुख्य मार्ग में कोई अनावश्यक अपना वाहन न खड़ा करें उसके लिए निर्धारित पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया, जिला विकास अधिकारी प्रेम चन्द सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अरविन्द कुमार चौहान ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शामली महोत्सव स्थल वी. वी. डिग्री कॉलेज शामली का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया। इस प्रकार है शामली महोत्सव की रूपरेखा दिनांक 07 मार्च को प्रात: 6:00 से 6:30 अतिथि सभा, 6:30 से 7:00 तक अतिथियों का स्वागत, 7:00 से 9:30 बजे तक शामली, 9:30 से 10:00 तक जलपान, शामली स्वास्थ्य मार्च-एक अनूठी प्लॉगिंग पहल महोत्सव की शुरुआत शामली स्वास्थ्य मार्च से होगी, जिसमें प्लॉगथॉन (दौड़ते हुए कचरा उठाने की गतिविधि) का आयोजन किया जाएगा। यह प्लॉगथॉन वी.वी.पी.जी. कॉलेज के प्रांगण से आरंभ होकर एक निर्धारित मार्ग पर आयोजित किया जाएगा। सायं 05:00 बजे से 05:45 बजे तक शामली महोत्सव का उद्घाटन, 05:45 से 06:00 बजे तक विद्यालय के छात्रों द्वारा गणेश वंदना, 06:00 से 07:00 बजे तक कलाकार सचिन नामदेव द्वारा प्रदर्शन, 07:00 बजे से 07:45, निरित्याजलि फाउंडेशन, 07:45 से 08:45 अतुल पंडित द्वारा प्रदर्शन (बॉलीवुड गायक), 08:45 से 09:30 बजे तक, प्रांजल दहिया द्वारा प्रदर्शन (हरियाणवी कलाकार) इसके अलावा दिनांक 08 मार्च 2025 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक, स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम, सायं के समय 05:30 से 06:15 बजे तक विशाल कैराना द्वारा प्रदर्शन, 06:15 से 07:00 बजे तक जादूगर राकेश श्रीवास्तव द्वारा प्रदर्शन, 7:00 से 7:30 तक लेजर शो, 7:30 से 8:30 तक रुचिका जांगिड़ द्वारा प्रदर्शन, 8:30 से 10:00 तक नितिन कुमार द्वारा प्रदर्शन (इंडियन आइडल गायक) इसके अलावा दिनांक 09 मार्च,12:00 बजे से 03:00 बजे तक,स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम, शाम 05:30 से 06:00 बजे तक गोविंद कौशिक द्वारा प्रदर्शन, 6:00 से 7:00 तक डॉ हरि ओम द्वारा प्रदर्शन 7:00 से 08:00 बजे तक कलाकार सुचिता पाण्डेय द्वारा प्रदर्शन 8:00 से 9:30 बजे तक मोनाली ठाकुर का ग्राण्ड फिनाले (बॉलीवुड गायिका। इसके अलावा दिनांक 10 मार्च 2025 अंतिम दिन 12:00 से 2:00 तक स्कूल प्रदर्शन का समापन एवं सम्मान व 2:00 से 3:00 तक सम्मान एवं शुभकामना। सायं 5:30 से 6:45 ब्रह्मपाल नगर(रागिनी), 06:45 से 07:45 तक गीतांजलि ग्रुप ( ब्रिज की होली), 07:45 से 08:15 तक छोटू आर्ट ग्रुप का प्रदर्शन,08:15 से 09:30 कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

## सपा सांसद धर्मेंद्र यादव नो मार्च को उरई में विवाह महायज्ञ में आयेगे

क्यूँ न लिखूँ सच

कोंच( जालौन ) जिले के युवाओं के नेता कहे जाने जाने स्मृति शेष सुरेन्द्र सिंह मोखरी जी की स्मृति में दिनांक 9 मार्च दिन रविवार को स्थान विजय विक्रम रिसॉर्ट हाईवे ब्रिज के पास राठ रोड उरई में दशवाँ सर्व समाज सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ का बड़ा आयोजन होने जा रहा है इस विवाह महायज्ञ में मुख्य अतिथि समाज वादी पार्टी के नेता और सांसद धर्मेंद्र यादव आ रहे हैं यह जानकारी इस सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ के कार्यक्रम संयोजक चंद्र शेखर मोखरी ओर आयोजक भूपेंद्र सिंह टिंकू मोखरी ने संयुक्त रूप से बताया है कि विजय विक्रम परिवार मोखरी द्वारा आयोजित परम्परागत सर्व जातीय सामूहिक कन्या विवाह महायज्ञ सम्मलेन आयोजित किया जा रहा है इस कार्य क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजा राम पाल पूर्व सांसद संरक्षक पुष्पेंद्र सिंह यादव ममना पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हमीर पुर सांसद जालौन नारायण दास अहिरवार सांसद हमीरपुर अरजेंद्र सिंह राजपूत शिशुपाल यादव डकोर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जालौन पं हरिओम उपाध्याय पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश दीप राज गुर्जर जिलाध्यक्ष सपा जालौन शिवराम कुशवाहा पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह अमखेड़ा कप्तान सिंह राजपूत पूर्व विधायक चौधरी विष्णु पाल सिंह गुर्जर संत सिंह सेरसा प्रदीप दीक्षित प्रांतीय नेता सपा दीपू त्रिपाठी जालौन आनंद यादव प्रदीप महेश्वरी प्रदेश अध्यक्ष व्यापार संघ वीरेंद्र सिंह यादव उरई शफीकुर्रहमान कश्पी सपा की प्रदेश सचिव रश्मि पाल और दरिद्र नारायण सेवा समिति के संयोजक कडोरे लाल यादव बाबू जी कोंच आदि लोग मंचस्थ रहेंगे इस कार्य क्रम को लेकर कार्यक्रम आयोजक अनूप सिंह यादव रिंकू मोखरी राम जी लला शिवदयाल उर्फ कल्लन पाल भेपता निर्दोष राजपूत कुइयां उदय प्रताप मोखरी बीपी जलाल पुर राम सहोदर यादव वकील साहब मुन्ना यादव असलहा बाबू संतोष यादव मुखिया लायक सिंह अरविंद यादव लल्ला मोखरी भगवत सिंह यादव मोखरी सतेंद्र यादव बल्लू मोखरी राहुल यादव पिरोना अजीत यादव जयपुरा विक्की पटेल गायर श्याम जी मोखरी अनुज यादव दाऊ मोखरी रिंकू यादव चंद्रनगर उरई आदि लोग कार्य क्रम को चार चांद लगाने में पूरे मनोयोग से जुट गए है

## मायावती ने आनंद कुमार को हटाया, सहारनपुर के रणधीर बेनीवाल को नेशनल कॉर्डिनेटर बनाया

रणधीर बेनीवाल सभासद भी रहे हैं। उनकी पुत्रवधू भी पार्षद रही हैं। वह शुरू से ही बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता रहे। 2014 में सहारनपुर जिला प्रभारी पद की जिम्मेदारी पार्टी ने दी थी। जेजेपुरम




निवासी रणधीर सिंह बेनीवाल को बहुजन समाज पार्टी में नेशनल कोर्डिनेटर की जिम्मेदारी मिली है। पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार को नेशनल कॉर्डिनेटर पद से हटाते हुए रणधीर बेनीवाल पर भरोसा जताया है। इससे जनपद के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर है।रणधीर बेनीवाल नगर पालिका सहारनपुर में सभासद भी रहे हैं। उनकी पुत्रवधू पहले बोर्ड में पार्षद रही हैं। वह शुरू से ही बहुजन समाज पार्टी का झंडा थामे रहे। उन्हें 2014 में सहारनपुर जिला प्रभारी पद की जिम्मेदारी पार्टी ने दी थी। इसके बाद 2016 से 2018 तक वह सहारनपुर और मेरठ मंडल के भाईचारा कमेटी के मंडल प्रभारी रहे। जून 2018 से वह हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के प्रभारी हैं, जो लगातार इन राज्यों में पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहे।रणधीर बेनीवाल शांत स्वभाव के अनुशासित नेता माने जाते हैं। यही वजह है कि पार्टी सुप्रीमो मायावती ने अपने भाई आनंद के बाद उन पर भरोसा जताते हुए नेशनल कॉर्डिनेटर पद की जिम्मेदारी सौंपी है। उनको जिम्मेदारी दिए जाने से एक ओर जहां उनका परिवार गदगद है। वहीं जिला स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में भी खुशी की लहर है। जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद का कहना है कि सहारनपुर से नेशनल कॉर्डिनेटर होना सहारनपुरवासियों के लिए गौरव की बात है। निश्चित रूप से बेनीवाल बहनजी की उम्मीद पर खरा उतरकर पार्टी को मजबूती देंगे। बहनजी के आदेश का होगा पालन-रणधीर सिंह बेनीवाल ने कहा कि उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। जिन भी राज्यों की जिम्मेदारी मिलेगी, मेहनत के साथ काम किया जाएगा। 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए विशेष रणनीति बनाकर सभी धर्मों और जाति के लोगों को पार्टी से जोड़कर बसपा को मजबूत किया जाएगा।

## 62वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय भिनगा में सीमा सड़क सरेखण पर संयुक्त सर्वेक्षण हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती वी. विक्रमण, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, एसएसबी लखीमपुर खीरी की अध्यक्षता में PWD के अधिकारियों संग सीमा सड़क सरेखण को No ManÓs Land के समीप



निर्धारित किए जाने हेतु संयुक्त सर्वेक्षण के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तथा 62वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (SSB), भिनगा से अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमांडेंट, सोनू कुमार, उप कमांडेंट एवं निरीक्षक/ अभियांत्रिकी अनिल कुमार थपलियाल और PWD के अधिकारी मनीष कुमार यादव, अधिशासी अभियंता, शौर्य सिंह, सहायक अभियंता एवं शम्मी अली, कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में सड़क संरेखण एवं अवसंरचना विकास से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों ने संयुक्त सर्वेक्षण की प्रक्रिया, तकनीकी विश्लेषण एवं सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर अपने विचार रखे। वी. विक्रमण ने बैठक में निर्देश दिया कि No ManÓs Land के समीप सड़क सरेखण का कार्य अंतरराष्ट्रीय मानकों एवं सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने PWD एवं स्स्ब्के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने तथा भौगोलिक एवं रणनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संयुक्त सर्वेक्षण को शीघ्र पूरा करने पर बल दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संयुक्त सर्वेक्षण के उपरांत विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिससे सीमा क्षेत्र में आवागमन सुगम हो सके एवं सुरक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

## चालक को झपकी आने से कार खड्ड में गिरी, चार घायल

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। इकौना-भिनगा मार्ग पर अंधरपुरवा के निकट चालक को झपकी आने से मारूति वैन कार असंतुलित होकर सड़क किनारे खडड में चली गई। जिससे कार सवार स्वयंसेवी संस्था के चार कार्यकर्ता घायल हो गये। जिनका इलाज जिला अस्पताल भिनगा में चल रहा है। स्वयंसेवी संस्था हंस फाउंडेशन के छह कार्यकर्ता इकौना से भिनगा किसी कार्य से आ रहे थे। अंधर पुरवा के निकट कार चालक कानपुर के जूही क्षेत्र निवासी नीतू मिश्रा को झपकी आ गयी।

जिससे वैन सड़क किनारे खडड में उतर गई। वाहन में सवार लखनऊ के आलमबाग निवासी खुशी, कानपुर के जूही क्षेत्र निवासी संगीता मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, इकौना के कैलाशपुर बनकट निवासी पतीराम व नैना गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिनगा पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज हो रहा है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### काली नदी में मिला युवक का शव हत्या की आशंका

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र में गांव सिकंदरपुर के निकट से बह रही काली नदी में शाम ग्रामीणों को एक शव दिखाई दिया। ग्रामीणों की सूचना पर थाना बरला व अकराबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। शव को लेकर दोनों थानों की पुलिस में काफी देर सीमा विवाद की स्थित बनी रही। बाद घटनास्थल थाना अकराबाद में तय हुआ। कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक दुलीचंद ने बताया है कि मृतक की जेब में मिले आधार व पैन कार्ड से शव की पहचान अरुण कुमार पुत्र शीलेंद्र प्रतापसिंह निवासी गांव अखईपुर थाना हाथरस जंक्शन के रुप में हुई है। शव एक दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य संकलित किए है। अरुण कुमार यहां कैसे और कौन के साथ पहुंचा इसकी जांच में पुलिस जुटी है। पुलिस ने फोन द्वारा अरुण कुमार के स्वजनों को घटना की जानकारी देदी है।

### अवैध रूप से नाबालिगों द्वारा एवं बिना लाइसेंस के संचालित ई रिक्शा वाहनों के विरुद्ध चला अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अपर जिलाधिकारी (नगर), संभागीय परिवहन



अधिकारी (प्रवर्तन), नगर निगम, यातायात निरीक्षक, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं यात्रीकर अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा क्वार्सी चौराहे पर अवैध रूप से/नाबालिंगों द्वारा एवं बिना लाईसेन्स के संचालित ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया गया है। इस अभियान में कुल 20 ई-रिक्शा वाहनों को क्वार्सी थाने में निरूद्ध किया गया है। यह अभियान आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त पिछले कई दिनों से प्राप्त हो रही शिकायत कि बुद्ध विहार बस स्टैण्ड के बाहर से बहुत सी अनधिकृत रूप से वाहनें संचालित हो रही है, जिसके दृष्टिगत उक्त बस स्टैण्ड के बाहर भी चेकिंग कार्यवाही की गयी, जिसमें 2 अनधिकृत रूप से संचालित बसों के चालान किये गये तथा 1 बस को निरूद्ध किया गया। यह कार्यवाही निरन्तर प्रचलित रहेगी

### 06 मार्च को ब्लॉक सालारपुर में होगा जागरूकता शिविर व टूल्सकिट्स वितरण कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 माटीकला विभाग द्वारा सचांलित प्रचार-प्रसार योजना के अर्न्तगत एक दिवसीय माटीकला जागरूकता शिविर एवं माटीकला टूलकिट्स व पगमिल टूल्सकिट्स वितरण का आयोजन विकास खण्ड सलारपुर परिसर बदायूँ में 06 मार्च 2025 को अपराहन 12:00 बजें आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 माटीकला विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के वारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की जायेगी तथा प्रजापति समाज के कारीगरो को टूलकिट्स वितरण किया जायेगा। प्रजापति समाज के उत्थान हेतु उद्योग की स्थापना एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण योजना में रूचि रखने वाले भावी उद्यमियों के मार्गदर्शन हेतु अन्य विभागो के अधिकारियो, कर्मचारियों के द्वारा भी उक्त जागरूकता शिविर में प्रतिभाग किया जायेगा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के इच्छुक शिक्षित नवयुवक, नवयुवतियॉ बेरोजगार, अनुभवी, प्रशिक्षित कुम्हारी कला, एवं शिल्पकारी परम्परागत कारीगर एवं जनसमान्य वि0ख0 परिसर-सलारपुर, बदायॅू में आयोजित जागरूकता शिविर में सादर आमंत्रित है।

## एसएसपी ने मृतक आरक्षी के परिवार को सहायता धनराशि 75 लाख रु0 /- का चेक सुपुर्द किया

क्यूँ न लिखूँ सच

जनपद बदायूँ के पुलिस कर्मी की असामयिक मृत्यु की दुखद घटना के बाद पुलिस विभाग ने मृतक पुलिसकर्मी के परिवार की आर्थिक मदद की।



पुलिस लाइन जनपद बदायूँ में तैनात आरक्षी अजीत कुमार की अवकाश पर रहते हुए असामयिक मृत्यु के पश्चात उनके परिवार को बीमा राशि प्रदान की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 बृजेश कुमार सिंह और श्री विनोद कुमार सिंह मुख्य प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मुख्य शाखा, बदायूँ ने संयुक्त रूप से मृतक पुलिसकर्मी के परिजन पिता श्री कमल व माता श्रीमती सुमन को 75 लाख रुपए का चेक सौंपा। यह राशि पुलिस सैलरी पैकेज के तहत दी गई, जिसमें सेवारत पुलिसकर्मियों की मृत्यु पर उनके परिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा बीमा राशि प्रदान की जाती है। स्वर्गीय अजीत कुमार (पीएनओ नंबर- 212071326) के परिवार को यह आर्थिक सहायता उनके परिजनों को प्रदान की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 बृजेश कुमार सिंह ने परिवार को सांत्वना दी और उनकी सहायता का आश्वासन दिया।

# 'Another marriage is breaking...' Shoaib Ibrahim breaks silence on the news of divorce from Dipika Kakar

Sasural Simar Ka actress Dipika Kakar and Shoaib Ibrahim are in the news on social media every day for some reason or the other. Recently, the actress had said goodbye to Celebrity Master Chef due to health. Meanwhile, the news of Dipika and Shoaib's divorce had gained momentum, on which the actor has recently broken silence. Are Dipika Kakkar-Shoaib Ibrahim getting divorced? Shoaib Ibrahim reacted to the news and said - another divorce is going to happen in the industry Sasural Simar Ka fame Dipika Kakkar and Shoaib Ibrahim are one of the favorite couples of television. Both met in the year 2011. After dating each other for several years, the couple got married with great pomp in Bhopal in 2018. In the year 2023, they welcomed son Ruhaan. Dipika Kakkar is targeted by users on social media every day. The actress was trolled on social media sometimes for her first marriage, and sometimes for her increased weight after the birth of her son. For the past few days, the actress has been in the news on social media for the news of her divorce with husband Shoaib Ibrahim, to which Deepika Kakkar has recently reacted. Is Deepika Kakkar's marriage breaking for the second time? - Deepika Kakkar and Shoaib may not be active in the serial, but they remain connected with their fans on social media. They keep giving updates of their daily life to the audience by sharing their blog posts on YouTube. Recently, Shoaib Ibrahim has shared a blog on his YouTube, in which he has reacted to the rumors of divorce with Deepika Kakkar. Sharing the breaking news on the news of divorce with the actress, he wrote, "You did not tell me that another marriage is breaking in the industry, that is ours". Reacting to his statement, Deepika Kakkar said, "Why should I tell you this, I will do all this in a hurry". I will leave the house after Ramadan - Deepika Kakkar - In this video, Shoaib is seen telling his family that he is going to give them breaking news, hearing which his family members were also shocked. Shoaib Ibrahim further said, "Deepika has finally taken the decision that she is separating. I am going to give this breaking news to everyone in my family. Deepika, we will spend the month of Ramadan together and then see what to do about the divorce". After which Deepika also said that she will leave the house after Ramadan. How did the news of their separation start? - Actually, the news of the divorce of Deepika Kakkar and Shoaib Ibrahim started when the actress changed her Insta bio. In this video, Shoaib told how a media publication started spreading rumors of their divorce on just this basis.




# Salman Khan went on his knees for Rashmika Mandana, brought a unique dance step in Sikandar's song

Bhaijaan of Bollywood is preparing to give a big smile on the faces of fans and his next blockbuster at the box office this Eid. The teaser of his film Sikandar was released a few days



ago. Now after that, the first song of Salman Khan's action film Zohra Jabeen is out recently, in which you will also dance along with the dance of Dabangg. Sikandar's first song Zohra Jabeen is out, fans were stunned to see Salman Khan's dance - lost in the beauty of Rashmika Mandana. Fans are eagerly waiting for Bhaijaan Salman Khan's most awaited film 'Sikandar'. This film will hit the theatres on Eid this year. Only time will tell how Bhaijaan's movie will do wonders at the box office, but the teaser that came out a few days ago was a huge hit. This teaser got more than three crore views on YouTube. Amidst the excitement of 'Sikander', the makers have now released the first song 'Zohra Jabeen' of Salman Khan and Rashmika Mandanna starrer film, a glimpse of which was revealed yesterday. Amidst the excitement of Eid 2025, this song of Bhaijaan has taken over YouTube as soon as it came. You will get a hint of how much the audience will like the chemistry of Dabangg Khan and Rashmika on screen from this first song of theirs. Salman Khan-Rashmika's song became a superhit as soon as it was released? - In the first song of 'Sikander', 'Zohra Jabeen', Salman Khan's entry is shown with full swag. In a black kurta and pajamas, Bhaijaan is first seen saying salaam-dua in his own style. In Zohra Jabeen, the 'Sikander' actor is seen describing the beauty of Rashmika Mandanna with the lyrics of the songs and expressing his love for her. Salman Khan's dance steps in the song are quite different from his previous songs, seeing which it will be clear to you how much hard work director AR Murugadoss has made him do. Bhaijaan, who always has his swag, got down on his knees expressing his love for Rashmika in this song, which the fans are liking a lot. The song Zohra Jabeen has been sung by Naksh Aziz and Dev Negi. The music of the song has been given by Pritam Da. Apart from this, keeping in mind today's audience, rap has also been added, which has been done by Melo D. The first song of 'Sikander' got so many views as soon as it came on YouTube - It has been just 1 hour since this song of Salman Khan came on YouTube, in such a situation it has got more than 7 lakh views and 'Zohra Jabeen' is trending at number 23. After watching the video of the song, fans are not getting tired of praising the chemistry of Salman and Rashmika. One user wrote, "Lyrics..beat..music..bhaijaan, this is a full vibe". Another user wrote, "Salman Khan's dancing skills are improving day by day". Another user wrote, "Salman Khan and Rashmika Mandana's chemistry is going to rock the box office".

# Oscar nominated film 'Wicked' is coming on OTT, when and where will it be online streaming

Wicked OTT Release The film world's most prestigious award ceremony Oscar 2025 announced the names of its winners yesterday. Director John M Chu's film Wicked was included in the Oscar race. The story of the film entertained the audience a lot. Now the makers have prepared to release it on OTT, the date of which has also come out. The film Wicked, which was nominated in Oscar 2025, is now going to be released on OTT platform - The film was released in November last year. The noise of Oscar is now over. This time many small budget films showed their strength in the Oscars. Many artists and films have received awards in the show, due to which the interest among the people has increased a lot. In this episode, there is a film Wicked, whose OTT release information has now come to the fore. Let us tell you where you can watch this picture online. On which OTT will Wicked be released?- Hollywood director John M Chu's film Wicked was released in November last year. The film became very popular among the people as soon as it was released. The film also did a great collection at the box office. Now news is coming about the OTT release that it will be streamed on JioHotstar on March 21, 2025. Famous singer Ariana Grande is also seen in the lead role in Wicked. Earned so many crores at the box office Talking about the earnings of the film Wicked, it had crossed the $ 700 million mark at the international level. At the same time, it earned $ 460.6 million at the domestic box office. Recently there was news about the film that it is going to be released in Japan on March 7. Won hearts with her look at the Oscar Awards- Popular American pop singer and actress Ariana Grande has her own identity all over the world with her talent. Ariana Grande often surprises people with her outfits. The singer and songwriter appeared in a pink colored gown at the Oscar Awards. This dress was from the Schiaparelli Spring-Summer 2025 collection. Ariana's outfit was so amazing that after seeing it, everyone's eyes remained fixed on her. This time, instead of open hair, Ariana matched her hairstyle with a lower bun. Her look became quite viral on social media.

